मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 5

# BHDE–141

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम (सामान्य)

## (बी. ए. जी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.एच.डी.ई.–141 : अस्मितामूलक विमर्श और हिन्दी साहित्य

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i)* ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है।*

*(ii) शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×12=36

(क) मारे थानेदरवा बोलाइ, घरवा से हमें,

झूठह बनावें गुनहगार।

जेलवा में मलवा उठावै मजबूर करैं,

केउ नहिं सुनत गोहार ॥6॥

(ख) अब मेरे हाथ में

कलम है

डंडा है

झंडा है

अनगिनत नारे

जिन्हें पहले

जुबान पर नहीं ला सकता था

अब

खुले आकाश में

उछाल सकता हूँ।

(ग) उस घर से मत जोड़ना मेरा रिश्ता

जिस घर में बड़ा–सा खुला आँगन न हो

मुर्गे की बाँग पर जहाँ होती ना हो सुबह

और शाम पिछवाड़े से जहाँ

पहाड़ी पर डूबता सूरज ना दिखे।

(घ) जलकुंभी के जालों से ऊपर उठकर

चंपा फिर घर आ गई,

देवता पर चढ़ाई गई

मुरझाने पर मसलकर फेंक दी गई,

जलाई गई

उसकी राख बिखेर दी गई

पूरे गाँव में

रात को बारिश हुई झमड़कर

अगले ही दिन

हर दरवाजे के बाहर

नागफनी के बीहड़ घेरों के बीच

निर्भय-निस्संग चंपा

मुस्कुराती पाई गई।

(ङ) परंपरा से छूट कर बस लगता है–

किसी बड़े क्लासिक से

पासकोर्स बी. ए. के प्रश्न पत्र पर छिटकी

छोटी–सी पंक्ति हूँ–

चाहती नहीं लेकिन

कोई करने बैठे

मेरी व्याख्या सप्रसंग।

(च) नहीं उचित है, निर्बल को अब तो सताना,

दु:सह दुखों का देना।

विसूवियस गिरि समान ज्वालामुखी तड़पकर अड़े रहेंगे।

हे आत्मज्ञानी, ऐ संत–पुत्रों जरा न तुमको हया–शरम है।

गुलामी करने को आँख मूँदे बताओ कहाँ तक अड़े रहेंगे ?

2. प्राचीन काल में स्त्रियों की जीवन–दशा कैसी थी ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। 16

3. नवजागरण काल में स्त्रियों के जीवन में हुए सुधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 16

4. आदिवासी साहित्य की प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए। 16

5. 'सोनवा के पिंजरा' कविता में अभिव्यक्त दलित जीवन की विसंगतियों पर उदाहरण के साथ प्रकाश डालिए। 16

6. 'मुर्दहिया' आत्मकथा में अभिव्यक्त स्त्री–जीवन को उजागर कीजिए। 16

7. 'धूनी तपे तीर' उपन्यास के आधार पर आदिवासियों की सांस्कृतिक समस्याओं को रेखांकित कीजिए। 16

8. 'स्त्री के अर्थ स्वातंत्र्य का प्रश्न' की अंतर्वस्तु का विवेचन कीजिए। 16

9. दलित विमर्श पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 16

× × × × ×